दिल्ली के विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य के पद का सृजन किया जाना

327. **श्री कैलाशपति मिश्र** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दिल्ली के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रोन्नति के अवसर प्रदान करने के लिए उप-प्रधानाचार्य के पदों का सृजन किए जाने की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो उन विद्यालयों की संख्या कितनी है जहां इन पदों का सृजन किया गया है; और

(ग) कामर्शियल सीनियर सैकन्डरी स्कूल और ए० एस० पी० जे० सीनियर सेकण्डरी स्कूल, दरियागंज में इस निर्णय के कार्यान्वित न किए जाने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) जी, हां । सीनियर माध्यमिक स्कूलों में इन पदों का सृजन किया गया है ।

(ख) (i) राजकीय सीनियर माध्यमिक स्कूल–519

(ii) राजकीय सहायता प्राप्त सीनियर माध्यमिक स्कूल–166

(ग) इन दोनों स्कूलों में पदों का सृजन किया गया है ।

सरकारी अस्पतालों में प्राकृतिक चिकित्सा और योग द्वारा चिकित्सा का प्रारम्भ किया जाना

328. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सरकारी अस्पतालों में प्राकृतिक चिकित्सा और योग द्वारा उपचार शुरु करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो कब से और उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्राकृतिक चिकित्सा और योग चिकित्सा को शुरु करने की कोई विशेष योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

परिवार कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) जहां तक इस मंत्रालय का संबंध है केन्द्रीय योग अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में योगाभ्यास के माध्यम से रोगों का उपचार करने के लिए एक 50 पलंगों वाला अस्पताल है ।

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत प्राकृतिक चिकित्सा प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित संस्थाओं को मान्यता दी गई है :—

(1) प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल, हैदराबाद ।

(2) प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल, जयपुर ।

(3) प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम, पुणे ।

दिल्ली में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अधीन एक योग केन्द्र चल रहा है ।

(ग) और (घ) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, पुणे में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान स्थापित करने का विचार है ।

मौजूदा केन्द्रीय योग अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में सुधार लाने का विचार है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस संस्थान के लिए एक भवन के निर्माण के वास्ते एक करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है ।

Mal-administration in Paradip Port

329. SHRI GAYA CHAND BHUYAN: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) what are the detailed reasons for the month long strike of the dock labourers of